भिलाई नगर निगम में बनाया जा रहा है पेवर ब्लॉक

भिलाई नगर। नगर निगम भिलाई क्षेत्र का सीएनडी वेस्ट का उपयोग करने के लिए पेवर ब्लैक बनाया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 6 प्रियदर्शनी परिसर में विध्वंस कचरा जिसमें निर्माण कचरे में सीमेंट का चूरा, ईटा, गिट्टी राहत है। उसमें कुछ सीमेंट और बालू मिला करके पेवर ब्लॉक बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिस प्लांट की क्षमता 6 टन है। प्रतिदिन, 400 से 500 पेवर ब्लॉक बनेंगे। स्वसहायता समूह की महिलाओं को प्रेरित करके, उन्हें मशीन उपलब्ध कराया गया है। जिसके माध्यम से वे पेवर ब्लॉक बना रही हैं। यह पेवर ब्लॉक नगर निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए जाएंगे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय का कहना है, कि हमारे निगम में सभी क्षेत्रों में पेवर ब्लॉक की आवश्यकता पड़ती है। अब हम सब लोग जितना भी उत्पादन होगा उसको नियमानुसार समूह से खरीद करके उसका उपयोग निगम के विभिन्न क्षेत्रों में करेंगे। इससे स्वासहायता समूह की महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। निगम भिलाई को सस्ते दर पर जाएगा मिल जाएगा । शासन की भी योजना है कि पुराने मकान के टूटे हुए जो मालवे आते हैं उसके डिस्पोजल एक बड़ी समस्या बनते जा रही है । इसीलिए स्व सहायता समूह के माध्यम से इसको बनवाया जा रहा है। पेवर ब्लॉक गुणवत्ता युक्त है। उसमें किस प्रकार की कमी नहीं है ।स्वसहायता समूह की महिलाओं को ट्रेनिंग दिया गया था। इसी अनुभव से सब लोग बना रही हैं।